

# गैस किल्लत, गेहूं खरीदी और बढ़ते बिजली बिलों को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

## भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने विशाल धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित किसानों, युवाओं और महिलाओं की भारी संख्या में रही सहभागिता

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 6 अप्रैल। गैस किल्लत, गेंहू खरीदी और बढ़ते बिजली बिलों को लेकर कांग्रेस ने धरना दिया। भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने विशाल धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित किसानों, युवाओं और महिलाओं की भारी संख्या में सहभागिता रही।**

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गेंहू खरीदी में हो रही देरी, गैस की भारी किल्लत, बेतहाशा बढ़ते बिजली बिलों एवं भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल की अगुवाई, जिले के संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा की विशेष उपस्थिति तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में सम्राट चौक स्थित पृथ्वीराज चौहान शॉपिंग कॉम्प्लेक्स परिसर में विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन कर विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सीधी कलेक्टर के माध्यम से सौंपा गया। धरना-प्रदर्शन में जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों की भारी सहभागिता देखने को मिली।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में गेंहू खरीदी में देरी और अव्यवस्था के चलते किसानों को हो रही परेशानियों, घरेलू गैस की कमी, लगातार बढ़ रहे बिजली बिलों के बोझ जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा गया। सीधी सिंगरौली सड़क निर्माण में हो रही देरी, वनों की कटाई, खाद-बीज की अनुपलब्धता तथा एमएसपी पर खरीदी जा रही फसलों पर नगण्य बोनस जैसे मुद्दों को भी जोरदार तरीके से उठाया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

धरना प्रदर्शन के दौरान प्रमुख वक्ताओं में पूर्व अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी, नपा अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सिंह, उपाध्यक्ष अम्बिकेश पाण्डेय, महामंत्री विनोद मिश्रा, वरिष्ठ नेता तिलकराज सिंह, आदिवासी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज कोल, महामंत्री शीलरानी साकेत, वरिष्ठ नेता शेषमणि पनिका, जनपद उपाध्यक्ष मनोज चंदेल, चिंतामणि गुप्ता, विमल जैसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती वसुधा सिंह ने भी जनमानस की आवाज बुलंद की। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जिले के किसान, युवा, महिलाएं एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।




### गैस सिलेंडर, बिजली बिल सहित सभी मुद्दों पर सरकार फेल : कमलेश्वर

सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने अपने संबोधन में गैस की किल्लत, गेंहू खरीदी में हो रही लेट लतीफी और बढ़ते बिजली बिलों को जनता की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि सरकार इन बुनियादी मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। किसान अपनी उपज लेकर मंडियों में भटक रहे हैं लेकिन खरीदी समय पर नहीं हो रही जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग के घर का बजट बिगाड़ दिया है वहीं लगातार बढ़ते बिजली बिलों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। इसके साथ ही उन्होंने खाद-बीज की अनुपलब्धता, एमएसपी पर उचित बोनस न मिलना और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा न मिलने जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।

### भाजपा सरकार से प्रदेश का हर वर्ग परेशान : दिलीप

जिला संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि गैस की किल्लत, गेंहू खरीदी में हो रही देरी और बढ़ते बिजली बिल आज हर घर की समस्या बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इन बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल लेकर खरीदी केन्द्रों पर परेशान हो रहा है लेकिन समय पर खरीदी नहीं हो रही। वहीं गैस की अनुपलब्धता से आमजन परेशान है और बिजली के बढ़ते बिलों से हर वर्ग त्रस्त है। दिलीप मिश्रा ने राजस्व प्रकरणों में देरी, पेयजल संकट, सीधी-सिंगरौली सड़क निर्माण में विलम्ब, वनों की कटाई और खाद-बीज की कमी जैसे मुद्दों को भी उठाते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों को लेकर जन-जन तक पहुंचने का आह्वान किया।

### हर घर की समस्या बनी गैस, गेहूं खरीदी व बिजली बिल : ज्ञान

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि गैस की किल्लत, गेंहू खरीदी में लेट लतीफी और बढ़ते बिजली बिलों ने आम जनता और किसानों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहा है लेकिन सरकार उसकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली के बिलों में लगातार वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है वहीं गैस की कमी से घर-घर में परेशानी बनी हुई है। ज्ञान सिंह ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई, पेयजल संकट, कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, महिलाओं की सुरक्षा, नशे की समस्या, सीधी-सिंगरौली सड़क निर्माण, खाद-बीज की उपलब्धता और एमएसपी पर बोनस जैसे मुद्दों को उठाते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी और समस्याओं के समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा।

### ज्ञापन में राज्यपाल से की गईं प्रमुख मांगें

सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता है, लोगों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे है जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है, गैस सिलेंडर के लिए जनमानस सुबह से ही लंबी-लंबी लाइन लगाने के लिए मजबूर हैं, होम डिलीवरी की सुविधा बंद है, गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए एवं होम डिलीवरी की सुविधा पुनः लोगों को प्रदान की जाए। गेंहू खरीदी की तिथि तय न होना किसानों की मेहनत से तैयार फसल खरीदी के लिए तिथि निर्धारित नहीं होने के कारण किसान चिंतित एवं परेशान हैं। बिजली बिल में अत्यधिक बढ़ोत्तरी आम उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल थमाए जा रहे हैं जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। निवेदन है कि बढ़े हुये बिजली के बिल में संसोधन करते हुए इससे निजात दिलाई जाए। खराब ट्रांसफॉर्मर व केबिल न बदले जाना, क्षेत्र में कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर एवं केबिल खराब पड़े है जिनका समय पर सुधार/परिवर्तन नहीं किया जा रहा, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप खराब है, राइजर पाइप, बासर, नट बोल्ट की कमी की वजह से हैंडपंप नहीं बन पा रहे है जिसे समय-समय पर विभागीय लोगों को आगाह किया पर किसी तरह का कोई ठोस कदम न उठाने के कारण गर्मी का समय आ चुका है। गांवों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। जिन गांवों में नल-जल योजना शुरू की गई थी वह भी मेंटेनेंस के अभाव में बंद पड़ी है। जिले में हुई ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि से किसाने के फसलों का अत्यधिक नुकसान हुआ है निवेदन है कि राजस्व विभाग से सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाए। न्यू बस स्टैण्ड सीधी के पास स्थित भानू काम्पलेक्स के आसपास बसों का नियम विरूद्ध परिचालन होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। जबकि सीधी का बस स्टैण्ड सर्वसुविधा युक्त है तो सारी बसों का संचालन वहीं से किया जाना सुनिश्चित हो।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट को लेकर सीधी सांसद एवं विधायकों को सौंपा गया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 6 अप्रैल। प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में आज 6 अप्रैल को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय 1 सितम्बर 2025 शिक्षक पात्रता परीक्षा टैट के विरोध में पुनर्विचार याचिका दायर करने और लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभा में विधेयक पारित कराने हेतु सांसद सीधी डॉ.राजेश मिश्रा एवं विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, सिहावल विश्वामित्र पाठक एवं विधायक धौंहनी कुंवर सिंह टेकाम को सैकड़ो शिक्षक साथियों के साथ ज्ञापन दिया गया।**



सांसद एवं विधायक द्वारा पूर्ण विश्वास दिलाया कि आप लोगों की बातें मजबूती के साथ शीर्ष पटल पर रखी जाएगी और शिक्षको को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टैट) से राहत दिलाई जाएगी। और शिक्षक साथियों को संदेश दिया गया कि कोई शिक्षक मानसिक दबाव में ना आए छात्रहित में निरंतर कार्य करते रहे।

ज्ञापन सौंपन के दौरान जिला सचिव रामजी शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, साहित्यिक प्रकोष्ठ के प्रांत प्रमुख राजबहोर पाठक, पूर्व संभागीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह चौहान, सह संगठन मंत्री संकर्षण प्रसाद द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर तिवारी, विकासखंड रामपुर नैकिन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, मुकेश सोनी कोषाध्यक्ष, कमलेश शुक्ला सचिव, श्रीनिवास पटेल सह सचिव, कुसमी विकासखंड के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शुक्ला, सचिव अनादि मिश्रा, सचिव सिहावल सतीश पाण्डेय सलभ, अनुज तिवारी प्राचार्य, राजेश प्रताप सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य, कमलापति गौतम जिला साहित्यिक प्रमुख, श्रावण शुक्ल, अजीत पाण्डेय, संजय तिवारी कोषाध्यक्ष विकासखंड सीधी, श्रीमती अंजना द्विवेदी जिला महिला सह प्रमुख, राघवेन्द्र पाण्डेय जिला संस्कृति प्रकोष्ठ, नागेन्द्र तिवारी जिला सह संस्कृत प्रमुख रामदरस द्विवेदी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 6 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा ने तहसील चुरहट अंतर्गत ग्राम समदा एवं पटपरा का दौरा कर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की फसलों का स्थल पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों में पहुंचकर फसल क्षति की स्थिति का जायजा लिया तथा प्रभावित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं।**

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल नुकसान का सर्वे पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाए ताकि वास्तविक पात्र किसानों को ही राहत का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी प्रक्र याएं निर्धारित मापदंडों के अनुसार समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें।



# बढ़ौरा में नव नियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सेमरिया 6 अप्रैल। सीधी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बढ़ौरा में नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला एवं शाल पहनाकर सम्मान किया।**

इस अवसर पर महामंत्री विनोद विश्वकर्मा, अरविंद तिवारी मंडल अध्यक्ष सेमरिया, दिनेश गुप्ता मंडलम अध्यक्ष बढ़ौरा, मनोज, प्रभात वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष एवं तेजस्वी मिश्रा देवगढ़ सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिन नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया उनमें संजय तिवारी, सुनील शुक्ला, अरुण द्विवेदी देवगढ़, विजयलक्ष्मी वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, प्रवीण तिवारी, पारसनाथ विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, अमरेन्द्र चतुर्वेदी, अनुज सिंह, रमेश सिंह चौहान शामिल हैं। सभी को जिलाध्यक्ष द्वारा माला एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप स संतोष तिवारी, बृहस्पति तिवारी, मोरध्वज तिवारी, दयानंद शुक्ला, देवराज पुजवा, प्रदीप रावत, सोनू भुजवा, नवीन तिवारी, दिलीप सेन, आत्माराम कोल, शिव शंकर यादव, कैलाश कोल, संदीप तिवारी, जमुना कोल, निलेश विजय तिवारी, उपेन्द्र मिश्रा, कुबेर वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया महासचिव संजय तिवारी ने सभी आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया हैं।



# स्वास्थ्य, राजस्व एवं जनसेवा व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 6 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा ने समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं, राजस्व कार्यों, जनसुनवाई व्यवस्था तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है।**



कलेक्टर ने शनिवार को आयोजित स्वास्थ्य मेलों की सफलता पर पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इन शिविरों का आयोजन निरंतर जारी रखा जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में आई चुनौतियों और कठिनाइयों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधार किए जाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इन आयोजनों में सक्रिय और अग्रणी भूमिका निभाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिरैया अभियान को विशेष प्राथमिकता देते हुए किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता न रहकर जमीनी स्तर पर प्रभावी होना चाहिए, जिससे बालिकाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़े और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने मोबाइल वैन के माध्यम से पूरे जिले में चरणबद्ध तरीके से पहुंच बनाते हुए बालिकाओं एवं महिलाओं तक स्वास्थ्य सेवाएं और परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मई माह में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु बड़े स्तर पर मेगा हेल्थ कैम्प आयोजित करने के लिए विस्तृत एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार करने को कहा ताकि अधिकतम संख्या में लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि फसल नुकसानी के मामलों में कृषि विभाग, पशुधन हानि के मामलों में पशु चिकित्सा विभाग तथा मकानों के नुकसान के मामलों में पंचायत विभाग, राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि प्रभावितों को समय पर राहत मिल सके।

राजस्व के मूल कार्यों में प्रगति लाने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने न्यायालयों में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से बैठने, प्रकरणों की नियमित सुनवाई करने तथा उन्हें समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर ने खंड स्तर पर नियमित और सशक्त जनसुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं आना पड़े। उन्होंने लोक सेवा केन्द्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं सुलभ बनाने पर भी विशेष बल दिया। इस अवसर पर सीईओ जिपं शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एडीएम बीपी पाण्डेय सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# धौंहनी विधायक के मुख्य अतिथ्य में प्रवेशोत्सव एवं अभिभावक सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 6 अप्रैल। स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत कुसमी ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमछ मे प्रवेशोत्सव एवं अभिभावक सम्मेलन कार्यक्रम भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य, जपं अध्यक्ष श्यामबती सिंह की अध्यक्षता सम्पन्न हुआ।**

इस दौरान सेनि डीईओ रणमत सिंह, मंडल अध्यक्ष अनीता सिंह, दूरसंचार समिति सदस्य राजकुमार तिवारी, सेनि प्राचार्य भैयालाल सिंह, यज्ञनारायण सिंह, पूर्व जनपद सदस्य महीपत सिंह, सरपंच मेहीलाल बैगा, कुंवर देव सिंह, भागवत सिंह, सुरेश गुप्ता, जवाहरलाल यादव, शेषमणि मिश्रा, केके सिंह बघेल, सत्यनारायण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की उपस्थिति रही। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि जिस विद्यालय मे मैंने पढ़ाई किया आज उसी विद्यालय के मंच से भाषण दे रहा हूं, बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमने कमछ के साथ ही पूरे जगहों मे भवन का निर्माण एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किया बच्चे पढ़कर माता-पिता एवं विद्यालय भवन का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के लोगो से अनुरोध किया कि शिक्षा के क्षेत्र मे जिस ऊंचाई पर आप पहुंचे हैं उसके नीचे नही आना हैं। विभाग के लोगो से अपील किये कि अपने अपने क्षेत्र के हर टोले मे पहुंचकर उनकी समस्या को सुनकर शासन कि योजनाओं का लाभ दिलाएं। सभी विभाग यदि 5-5 लोगो का मदद करें पुण्य का कार्य होगा। विधायक ने इस दौरान विद्यालय के 2 मंजिला नवीन भवन 8 एसी युक्त कमरों का फीता काटकर लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के अंत मे छात्र-छात्राओं को बस्ता, पुस्तकों एवं पुरुस्कार का वितरण किया।

# डीसीए सीधी ने 275 रन से दर्ज की शानदार जीत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 6 अप्रैल।** मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के मार्गदर्शन में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-22 वनडे टूर्नामेंट में सीधी ने मैहर पर एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 275 रनों से शानदार विजय हासिल की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीधी की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 433 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 433 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैहर की टीम दबाव में शुरुआत से ही लड़खड़ा गई और पूरी टीम 32.1 ओवर में मात्र 158 रन पर सिमट गई। मैहर की ओर से धीरेंद्र ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जबकि ध्रुव शुक्ला ने 23 रन का योगदान दिया।

# भाजपा का बहु प्रतीक्षित जिला कार्यालय बनेगा हाईटेक, हुआ भूमि पूजन

## पार्टी स्थापना दिवस पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 6 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी का बहु प्रतिशत जिला कार्यालय का भूमि पूजन कार्यक्रम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाल की अध्यक्षता एवं पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल की विशिष्ट उपस्थिति में वर्चुअल रूप से संपन्न हुआ।**



पार्टी का भूमि पूजन स्थल अस्पताल चौक के समीप स्थित भारत होटल के बगल में हुआ। साथ ही सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन में प्रत्यक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे, पार्टी के जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौंहनी विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह की विशिष्ट उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पार्टी के भूमि पूजन के पूर्व सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी और उसका प्रत्येक कार्यकर्ता भारत को विश्व गुरु बनाने में जुड़ा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का भूमि पूजन हो रहा है। वह हम सभी के लिए एक कर्तव्य बोध करता हुआ मंदिर की भांति होगा।

सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में व्यक्तिगत हितों को त्याग कर पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भारत माता की सेवा में जुटे हुए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष चौहान ने कहा कि सत्ता और संगठन के अद्भुत तालमेल और समन्वय से हम पूर्ण विकसित जिला, फिर प्रदेश और संपूर्ण भारत को बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को पूर्ण करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हम सभी उसके घटक हैं। हमारा कार्यालय बेहतर हो, हाईटेक हो, जिससे हम वर्तमान प्रतिस्पर्धा में खड़े हो सके। कार्यक्रम संचालन जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय ने किया।

### कार्यकर्ताओं का जोश रहा हाई

प्रातः काल से ही भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता भूमि पूजन स्थल पर पहुंचकर भारत माता की जय, नरेन्द्र मोदी, डॉ.मोहन यादव, हेमंत खंडेलवाल के नाम के उद्घोष करते हुए दिखे। कार्यालय को लेकर पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर पार्टी द्वारा ध्वजारोहण, वंदे मातरम और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में पार्टी ने वरिष्ठ जनों का अभिनंदन भी किया।

CMYK